हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, गुरुवार 15 अगस्त 2024

14 तिरंगा कांसर्ट में दिखा कलाकारों का उत्साह

14 कांग्रेस ने निकाली संविधान यात्रा




**आयोजन : जिला प्रशासन द्वारा किया गया स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन**

# स्वतंत्रता दिवस से पहले नगर में दिखा जबर्दस्त उत्साह, देश के लिए लगाई दौड़






हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पूर्व 14 अगस्त को जिला मुख्यालय बालोद में सुबह 08 बजे जिला प्रशासन द्वारा स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, पुलिस अधीक्षक एस.आर.भगत सहित जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक जोशी एसडीएम प्रतिमा ठाकरे झा, डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर, सहित जिला एवं पुलिस प्रशासन के आला अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों व आम नागरिकों ने दौड़ लगाई। स्वतंत्रता दौड़ सरदार वल्लभ भाई



पटेल मैदान से शुरू होकर जय स्तंभ चौक, विश्राम गृह होते हुए वापस सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान में समाप्त हुआ। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पूर्व आज 14 अगस्त को देश के स्वाधीनता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले महान देश भक्तों एवं वीर सपूतों के सम्मान में आयोजित स्वतंत्रता दौड़ में हम सब शामिल हुए हैं। यह निश्चित रूप से यह हम सभी देशवासियों के लिए यह अत्यंत गर्व एवं हर्ष का क्षण है। उन्होंने कहा कि आजादी का यह पर्व हर्ष और उल्लास के साथ–साथ राष्ट्र एवं समाज के प्रति हमारे दायित्वों एवं कर्तव्यों को भी आत्मसात और स्मरण करने का भी दिवस होता है। उन्होंने स्वतंत्रता दौड़ के अवसर पर समाज के सभी वर्गों के लोगों के बड़ी संख्या में उपस्थिति पर सराहना व्यक्त की।

**कार्यक्रम में योगदान देने वालों का किया गया सम्मान:** स्वतंत्रता दौड़ में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित कर आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले स्कूली विद्यार्थियों, एनसीसी कैडेट्स एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा रेडक्रॉस सोसायिटी के सदस्यों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ जन प्रतिनिधि कृष्णकांत पवार, प्रेम साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारियों तथा बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं एवं नागरिक उपस्थित थे।

### हर घर तिरंगा फहराने की अपील

वरिष्ठ जन प्रतिनिधि पवन साहू ने कहा कि इस स्वतंत्रता दौड़ के माध्यम से हम देशवासियों के बीच राष्ट्रीय एकता एवं सद्भावना का संदेश देने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने कहा कि हमारे महान देशभक्तों एवं क्रांतिकारियों के त्याग, बलिदान एवं अथक प्रयासों से आज हम आजाद भारत के नागरिक बन पाए हैं। साहू ने हमारे महान देशभक्तों के द्वारा बताए गए रास्तों पर चलने तथा मूल्य एवं आदर्शों को आत्मसात कर राष्ट्र व समाज की सेवा में अपने नैतिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने को कहा। उन्होंने आम नागरिकों से 'हर घर तिरंगा' अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील भी की।

# सूने घर में चोरों का धावा सोने-चांदी के जेवरात सहित 6 लाख की चोरी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कोतवाली थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। बीते दिनों एक पुलिस विभाग के निरीक्षक के घर लगभग पांच लाख रुपए की चोरी हुई थी, तो वहीं अब एक व्याख्याता के घर से लगभग 6 लाख रुपए की चोरी हुई है।

- कोतवाली थाना क्षेत्र में नहीं थम रहीं चोरी की घटनाएं

पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और पुलिस कर्मचारियों के अलावा अधिकारी भी अब चोरों की तलाश में पसीना बहा रहे हैं। हालांकि पुलिस को अब तक कोई पुख्ता सुराग हाथ नहीं लगा है। दरअसल कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिवनी में हरिश चन्द्र गंजीर के मकान में किराए पर रहने वाली शासकीय हाई स्कूल चिपरा में व्याख्याता के पद पर पदस्थ ममता श्रीवास ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 12 अगस्त को पति संदीप श्रीवास को जगदलपुर काम से जाना था तो घर के मेन गेट में ताला लगाकर दोनों साथ में सुबह करीबन 8 बजे घर से निकले। शाम करीबन 5 बजे व्याख्याता ममता स्कूल से वापस घर आयी और रात्रि का खाना खाकर रात्रि करीबन 8 बजे घर में पति नहीं होने से अपने दीदी देहुती भारद्वाज के घर चली गई थी। रात्रि में दीदी के घर ही रूकी थी।

### ये सामान गायब

अगली सुबह 13 अगस्त को सुबह करीब 6 बजे घर वापस आयी तो देखा सामने मेन गेट में लगा ताला टूटा हुआ था। बेडरूम में सामान बिखरा हुआ था। आलमारी में रखे सोने का रानी हार, सोने का गुलबंद, सोने का अंगूठी 6 नग, सोने का झुमका 4 जोडी, सोने का कान का टाप्स, सोने का चैन 2 नग, सोने का लाकेट 2 नग, चांदी का पाजेब 4 जोडी, चांदी का करधन 2 नग, चांदी का पायल 1 जोडी सोने की जेवरात एवं सभी चांदी के जेवरात तथा नगदी रकम 1,50,000 रूपये नहीं था। जिसे कोई अज्ञात चोर द्वारा 12 और 13 अगस्त की दरम्यानी रात में घर के मेन गेट का ताला तोड़कर घर अंदर प्रवेश कर चोरी कर ले गया है। मामले में बालोद पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ 305, 331(4) के तहत मामला पंजीबद्ध कर जाँच शुरू कर दिए हैं।

**सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील:** इन दिनों चोरी की घटना लगातार सामने आ रही है। चोरों द्वारा सूने मकान पर ही धावा बोला जा रहा है और लाखों की चोरी कर रहे हैं। पुलिस द्वारा रिहायशी इलाकों में व मकान के आसपास सीसीटीवी कैमरे लगाने की लगातार अपील की जा रही है। हालांकि चोरी की घटनाएं बढ़ने से सीसीटीवी कैमरों की तादाद भी बढ़ी है। लेकिन चोरी की घटना में कमी आने के बजाए वृद्धि हुई है।

**खबर संक्षेप**

### सांसद रूपकुमारी होंगी स्वतंत्रता दिवस समारोह की मुख्य अतिथि



बेमेतरा। 78 वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर जिला मुख्यालय में सांसद रूपकुमारी चौधरी ध्वजारोहण करेंगी। ज़िला स्तरीय मुख्य समारोह बेमेतरा के बेसिक स्कूल मैदान में आयोजित होगा। तय कार्यक्रम अनुसार 15 अगस्त को प्रातः 8.58 बजे मुख्य अतिथि का आगमन होगा। प्रातः 9.00 बजे ध्वजारोहण एवं सलामी लेंगी। मुख्य अतिथि प्रातः 9.03 बजे परेड से प्रातः 9.15 बजे तक परेड का निरीक्षण करेंगी। उसके बाद मुख्यमंत्री का जनता के नाम का वाचन करेंगी। मार्च पास्ट प्रातः 9.30 बजे से, प्रातः 9.50 बजे स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। उसके बाद प्रातः 10.20 बजे उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

### दुधली मालीघोरी स्कूल में निकाली गई तिरंगा रैली



डौंडीलोहारा। स्वामी आत्मानंद विद्यालय दुधली मालीघोरी के छात्र छात्राओं द्वारा तिरंगा यात्रा रैली निकाली गई जिसमें सभी छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। भारत माता के जयकारे और वंदेमातरम एवं तिरंगे झंडे के जयकारे की गूंज के साथ ग्राम में भ्रमण किया गया। स्कूल प्रबंधन सामिति के अध्यक्ष देव देवांगन, सरपंच मो.फिरोज तिगाला व समस्त शिक्षकगण, समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### अछोली स्कूल के विद्यार्थियों को बांटी गई टाई-बेल्ट



डौंडीलोहारा। शासकीय प्राथमिक शाला अछोली में टाई एवं बेल्ट का वितरण महिला कमांडो अछोली , सरपंच कविता तिवारी, अंकालु राम साहू एवं संतोष गुप्ता आलीखूंटा द्वारा स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या किया गया। महिला कमांडो की टीम अध्यक्ष श्रीमती पद्मनी बर्मन एवं सरपंच कविता तिवारी द्वारा प्रवेश उत्सव के उपलक्ष्य में विद्यालय के समस्त बच्चों को पेन, कॉपी एवं चॉकलेट का भी वितरण किया जा चुका है। शाला के प्रधान पाठक विजय यादव, शिक्षिका खंजन गावरे, उषा भुआर्य, स्वयंसेवी झरना बर्मन ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### भाइयों के लिए राखी भेजने डाकघरों में लग रही कतार...



बालोद। आगामी चार दिनों बाद रक्षाबंधन का पर्व है। इस पर्व के पहले बहने दूर दराज में रहने वाले अपने भाइयों के लिए राखियां डाक के माध्यम से भेज रही हैं। त्यौहार के पहले डाक घरों में भारी भीड़ देखने को मिल रही है। दरअसल बहनें अपने भाइयों तक राखी जल्द से जल्द पहुंचाने स्पीड पोस्ट का सहारा ले रहे हैं, जिसका समय सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक ही डाक घरों में जाकर स्पीड पोस्ट करा सकते हैं, ऐसे में समय की कमी को देखते हुए सुबह से ही डाक घर मे पहुंच रहे हैं।

### बोरी महाविद्यालय में मना अंतराष्ट्रीय युवा दिवस




अंडा। अंतराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी में रेडरिबन क्लब द्वारा एच.आई.वी की रोकथाम के लिए प्राप्त सुविधाओं विषयांतर्गत रंगोली, निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों को एचआईवी की रोकथाम से संबंधित समस्त जानकारी रेडरिबन क्लब प्रभारी कविता ठाकुर ने बताया कि इस अवसर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी प्राचार्य डॉ. हंसराज ठाकुर थे। कार्यक्रम में प्राध्यापक डॉ. तापस मुखर्जी, अन्नपूर्णा महतो, डॉ. आशा दीवान, डॉ. अमरनाथ शर्मा, डॉ. मीना चक्रवर्ती, सुरेन्द्र कुमार मेहर, भागवत कुर्रे, मोहित कुमार, डॉ. भारती साहू, डॉ. नुसरत उपस्थित थे।

## कवि देवनारायण ने विधायक से की मुलाकात, भेंट की अपनी किताब



डौंडीलोहारा। ग्राम रायपुरा निवासी जनकवि देवनारायण नगरिहा ने अहिवारा विधानसभा के विधायक डोमन कोर्सेवाड़ा व रिटायर्ड जज अग्रलाल जोशी, रिटायर्ड जज साहब महेलकर को शाल, श्रीफल, फिर बोल उठी, काव्य संग्रह पुस्तक जो कि स्वरचित है के साथ सौजन्य मुलाकात कर भेंट किया। विधायक ने कहा कि साहित्य समाज की धरोहर है, कलम ही नई चेतना लाती है। देवनारायण नगरिहा की कृति, फिर बोल उठी, धर्म रक्षार्थ नारी विमर्शात्मक काव्य संग्रह है, इनकी हर पंक्ति सराहनीय है। जज साहब ने कहा कि फिर बोल उठी, काव्य संग्रह साहित्यिक विश्व पटल पर नारी जागरण के लिए एक श्रेष्ठ कृति है। सेवानिवृत्त जज अग्रलाल जोशी ने कहा कि मैं भरी अदालत में नारी व बालिकाओं की प्रतिष्ठा पर हो रहे दुर्व्यवहार को बारीकी से अध्ययन कर फैसला देता रहा और अब भी उनकी सच्ची न्याय अधिकार पर लड़ता रहूंगा, जो कि आपकी रचना में मुख्य रूप से संदर्भित है। इस मुलाकात पर साहित्य परिषद के सदस्य बुटूराम पूर्णे, यशवंत बारले, डॉ अशोक आकाश, देव जोशी गुलाब कन्हैया लाल बारले, वीरेंद्र अजनबी, मिथलेश बारले ,चाँदनी, हर्षा देवांगन, लोकेश बारले आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

## नगरीय निकायों के कर्मचारियों ने मांगों को लेकर दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

छत्तीसगढ़ नगरीय निकायों के कर्मचारियों ने अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर नया रायपुर स्थित तुता धरना स्थल पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। इसमें नगर सहित जिले के कर्मचारी भी सम्मिलित हुए।

धरना स्थल पर नगरी निकायों के विभिन्न नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत से आए बड़े संख्या में कर्मचारियों द्वारा धरना प्रदर्शन में शामिल होकर धरने को सफल बनाया गया। धरना प्रदर्शन के दौरान अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के अध्यक्ष कमल वर्मा द्वारा तुता धरना स्थल पर आकर नगरी निकाय कर्मचारियों की मांगों का समर्थन करते हुए उनकी मांगों को मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया गया। धरना स्थल पर आए कर्मचारियों ने अपना आक्रोश दिखाते हुए छत्तीसगढ़ शासन को संकेत दिया है कि छत्तीसगढ़ शासन यदि उनके समय पर वेतन भुगतान और पुरानी पेंशन योजना की बहाली, ठेका प्रथा बंद करने जैसी अन्य समस्याओं का समाधान नहीं करती है तो आने वाले समय में वह नगरी निकाय चुनाव का बहिष्कार अपने परिवार सहित करेंगे तथा मजबूरीवश अनिश्चितकालीन हड़ताल जैसा कदम भी उठाएंगे। हड़ताल में अंबिकापुर, दुर्ग, बिलासपुर, रायपुर, जगदलपुर संभाग के नगरी निकायों के कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए।













संकलनकर्ता- ओम प्रकाश दुवानी, ब्यूरोचीफ, बालोद मो. 8085026287, 9425559113










संकलनकर्ता- पवन देवांगन, हरिभूमि संवाददाता, डौंडीलोहारा, मो.- 9893341097
















संकलनकर्ता- ओम प्रकाश टुवानी, ब्यूरोचीफ, बालोद मो. 8085026287, 9425559113


झंडा ऊंचा रहे हमारा
समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
झंडा ऊंचा रहे हमारा
विनीत : एक शुभचिंतक


समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
ये तिरंगा विश्व का सबसे बड़ा जनतंत्र है, ये तिरंगा वीरता का गुंजता इक मंत्र है,
ये तिरंगा वंदना है भारती का मान है, ये तिरंगा दिल की धड़कन ये हमारी जान है।
झंडा ऊंचा रहे हमारा
वंदे मातरम्
विनीत : एक शुभचिंतक


समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
मेरा भारत महान
विनीत : एक शुभचिंतक


समस्त क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक बधाई
मान. श्रीमती संगीता सिन्हा जी
विधायक
संजारी बालोद
मान. श्री भैयाराम सिन्हा जी
पूर्व विधायक
संजारी बालोद
झंडा ऊंचा रहे हमारा
मोनू ठाकुर
ब्लाक अध्यक्ष, ब्लाक युवक कांग्रेस कमेटी, गुरूर







सेवा सहकारी समिति बालोद, मेडकी, पाररास, तरौद एवं सांकरा (ज) की ओर से जिलेवासी एवं समस्त किसान बन्धुओं को

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...**

**सेवा सहकारी समिति मर्या, बालोद पं.क्र.-1154**
श्री मधुशुदन देशमुख- पर्यवेक्षक, श्री चमन लाल देवांगन-सहायक प्रबंधक
श्री छबिला पटेल- कम्प्यूटर ऑपरेटर

**सेवा सहकारी समिति मर्या, मेड़की पं.क्र.- 189**
श्री कमलेश सिन्हा- सहायक प्रबंधक, श्री सोमेश पटेल- कम्प्यूटर ऑपरेटर

**सेवा सहकारी समिति मर्या पाररास पं.क्र.- 2022**
श्री जगतराम साहू- समिति प्रबंधक, श्री मेष कुमार यादव- कम्प्यूटर ऑपरेटर

**सेवा सहकारी समिति मर्या- तरौद पं.क्र.- 190**
श्री जगत राम साहू- समिति प्रबंधक, श्री भीषम चन्द्राकर- सहायक प्रबंधक

**सेवा सहकारी समिति मर्या, सांकरा (ज) पं.क्र.- 1066**
श्री सुशीलदास मानिकपुरी- समिति प्रबंधक, श्री सुरेश सोनकर- लिपिक, श्री रमेश यादव- कम्प्यूटर ऑपरेटर





संकलनकर्ता- ओम प्रकाश टुवानी, ब्यूरोचीफ, बालोद मो. 8085026287, 9425559113

























संकलनकर्ता- ओम प्रकाश टुवानी, ब्यूरोचीफ, बालोद मो. 8085026287, 9425559113

## खबर संक्षेप



### मड़ियाकट्टा में निकाली गई तिरंगा यात्रा

डौण्डीलोहारा। विकासखंड के आदिवासी वनांचल ग्राम मड़ियाकट्टा स्कूल और ग्राम पंचायत के तत्वावधान हर घर तिरंगा रैली निकाली गई। राज्यपाल पुरस्कृत प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर ने बताया कि यह रैली जन समुदाय में देशभक्ति की भावना विकसित करने व लोगों को राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता का बढ़ावा देना है। यह अभियान 9 से 15 अगस्त तक चल रहा है। इस अवसर पर बच्चों को देश भक्ति नारे,राष्ट्रीय गीत के माध्यम से हर घर तिरंगा घर-घर घर तिरंगा रैली के दौरान हर घर तिरंगा फहराकर शहीद जवानों का सम्मान करने की अपील की गई। इस अवसर प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर, नारदराम भुआर्य, परसराम साहू, भूमिका मोवाड़े, दीनदयाल अटल, सुनील कुमार अलेन्द्र, सचिव पवन कुमार सोनी, पंच रामकुमार, रोजगार सहायक तेजेन्द्र कुमार सिन्हा, आशीष कुमार सिन्हा, टिकेश्वरी देशमुख अध्यक्ष भारत माता वाहिनी एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## निधन

### रामकिशन नेवेंद्र



गुरूर। ग्राम मोखा निवासी रामकिशन नेवेंद्र का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। वे फागूराम नेवेंद्र की पिताजी थे।







**तिरंगा कांसर्ट में दिखा कलाकारों का उत्साह :** बालोद। 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत बुधवार को जिला मुख्यालय बालोद स्थित कला केंद्र में तिरंगा कांसर्ट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल एवं सीईओ जिला पंचायत डॉ. संजय कन्नौजे ने भारत माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया। इस दौरान उन्होंने इस कार्यक्रम में लगाए गए हस्ताक्षर फ्लैक्स पर अपनी शुभकामनाएं भी लिखीं। कार्यक्रम को कलेक्टर चन्द्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि आज यह तिरंगा कांसर्ट किया जा रहा है, जिसमें जिले के कलाकार देश भक्ति से ओतप्रोत अपनी प्रस्तुति दे रहे हैं। तिरंगा कांसर्ट में ग्राम पेरपार के अजय वर्मा, ग्राम हथौद की चित्रणी साहू, ग्राम भर्रीगांव के तन्मय वर्मा, रामप्रताप साहू, जितेन्द्र गजेन्द्र, कृष्णा सोनी सहित प्री मेट्रिक छात्रावास बालोद की छात्राओं द्वारा देशभक्ति से परिपूर्ण प्रस्तुति दी।

## अपराध

# युवती की आत्महत्या के मामले में अज्ञात लोगों पर जुर्म दर्ज

**मृतका द्वारा लिखे गए सोसाइड नोट की हैंडराइटिंग मैच होने के बाद पुलिस ने की कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के अर्जुन्दा थाना क्षेत्र में स्थित ग्राम गब्दी में करीब डेढ़ साल पहले 2 जनवरी 2023 को एक 22 वर्षीय मिताली देवांगन ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। आत्महत्या करने से पहले युवती ने सुसाइड नोट लिख कर दो अज्ञात लोगों पर छेड़छाड़ व गाली गलौज कर अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया था।

पुलिस ने सुसाइड नोट को हैंडराइटिंग एक्सपर्ट के पास भेजा गया था जो स्पष्ट हो गया है कि वह सुसाइड नोट मृतका ने ही आत्महत्या करने से पहले लिखा था। पुलिस ने डेढ़ साल बाद अब दो अज्ञात लोगों के खिलाफ धारा 306, 34 के तहत मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। अर्जुन्दा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम गब्दी निवासी मिताली देवांगन 22 वर्ष 2 जनवरी 2023 को घर में लगे सिलिंग फेन में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। घटना स्थल में जांच के दौरान घटना स्थल में मृतका द्वारा लिखित सुसाइड नोट को जब्त कर हैण्डराइटिंग एक्सपर्ट के पास 23 जनवरी 2023 को जमा किया गया।

सुसाइड नोट में मृतका ने लिखा है कि वह अपने पिता से दूर होने एवं घटना से पूर्व 21 दिसम्बर 2022 को कालेज से घर आते समय नाला के पास से गुजरते समय दो लड़के आये और लड़की का स्कार्प खींच लिए, क्या बदतमीजी है, बोलने पर मेरे गाल को अजीब तरीके से छूने लगा और बोला कालेज से आ रही हो, क्या जरूरत है कालेज जाने की, कालेज में तो पैसा खर्च होता है और अभी तो तुम्हारी उम्र कमाने की हो गई है।

मिताली ने आगे लिखा कि इन बातों को सुनकर मैं गालियां दी और मुझे जाने दो नही तो अच्छा नही होगा बोली तो इतने नखरे क्या दिखा रही है, हमारे साथ चल पैसा मिलेगा की बात कहने लगे और मेरा हाथ पकड़कर खींचने लगे। मैंने उसका हाथ दांतो से काटकर अपने आप को छुड़वाया है और पत्थर उठाकर चले जाओ यहां से नहीं तो मार डालुंगी बोलने पर अपने आप को उस दिन बचा लिया।

इधर अर्जुन्दा पुलिस ने बताया कि मृतका द्वारा घटना करने वाले लड़कों के नाम पते के संबंध में किसी प्रकार का उल्लेख नहीं करने पर जांच के दौरान मृतका के रिश्तेदार, पडोसी, कालेज में पढने वाले सहेलियों का कथन लिया गया। उन्होंने मृतका द्वारा घटना के बाद किसी को भी घटना की जानकारी नहीं देना बताया। मर्ग की अग्रिम जांच सउनि कमलेश साहू के बाद सउनि विश्वजीत मेश्राम द्वारा की गई है, जिसके द्वारा डायरी प्रस्तुत करने पर डायरी की अवलोकन पश्चात मर्ग जांच में मुल सुसाइड नोट परीक्षण हेतु राजकीय दस्तावेज परीक्षक क्यू डी/सीआईडी पुलिस मुख्यालय नया रायपुर में जमा है, जिसकी रिपोर्ट अप्राप्त है।

पुलिस ने बताया कि मर्ग जांच में अब तक की गई जांच में प्रथम दृष्टया अज्ञात दो आरोपियों द्वारा मृतका मिताली देवांगन के साथ किये गये घटना के कारण व्यथित होकर आत्महत्या किया जाना अपराध धारा 306, 34 भादवि का घटना घटित होना पाया गया। जिस पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# कांग्रेस ने निकाली संविधान यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही



ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष भोजराज साहू के आव्हान पर गुण्डरदेही विधायक कुंवरसिंह निषाद के नेतृत्व में आजादी की 77 वीं वर्षगांठ के अवसर पर संविधान की रक्षा की प्रतिज्ञा करते हुए बस स्टैंड गुण्डरदेही से धमतरी चौक होते हुए पेंशनर भवन तक संविधान यात्रा निकाली गई।

यात्रा में भारत का संविधान, तिरंगा ध्वज, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की छायाचित्र के साथ नुक्कड़ सभा भी ली गई। गुण्डरदेही विधायक कुंवरसिंह निषाद ने कहा कि भारत के संविधान को 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा अंगीकृत कर 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ, जिसके 251 पेज हैं। इसमें विभिन्न राजनीतिक दर्शन, नागरिकों के मूल अधिकार, नागरिकों के मूल कर्तव्य के अलावा विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच शक्तियों का विभाजन इत्यादि अनेक प्रावधानों को शामिल किया गया है, जिसकी रक्षा करने के लिए कांग्रेस पार्टी सदैव प्रतिबद्ध रहेगी। वर्तमान में केंद्र की मोदी सरकार द्वारा लगातार संविधान और लोकतंत्र की हत्या की जा रही है, जिसका पुरजोर विरोध हम सभी को पूरी एकजुटता से करना है।

**न्यायालय तहसीलदार डौण्डीलोहारा, जिला-बालोद छ.ग.**

**// ईश्तहार //**

विषयांतर्गत लेख है कि कार्यालय कलेक्टर बालोद, जिला बालोद का पत्र क्र./ 257/ प्र.कले./ 2024 बालोद दिनांक 07.06.2024 के अनुसार आवेदक प्रेमसुख आं. पल्टू एंव सुमित्रा बाई पति प्रेमसुख जाति कुर्मी निवासी गैजी तहसील डौण्डीलोहारा जिला बालोद द्वारा ग्राम बघमार स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न. 175 में से रकबा 0.06 हे. भूमि को आम रास्ता आने-जाने के लिये क्रेता अभिषेक जैन आं. अशोक जैन साकिन मरकामटोला के पास बिक्री की अनुमति हेतु आवेदन प्राप्त हुआ है। आपसी सहमती से भूमि क्रय नीति 2016 के अंतर्गत छ.ग. भू.रा. संहितां 1959 की धारा 165 (7) के अंतर्गत भूमि विक्रय की अनुमति हेतु प्रस्तुत आवेदन दिन्दुवार जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

अतएव उक्तानुसार आवेदित भूमि को विक्रय के अनुमति लिये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा-आपत्ति, आक्षेप पेश करना हो तो स्वयं अथवा अपने मान्य अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 29/08/2024 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में दावा/आक्षेप प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14/8/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
डौण्डीलोहारा

# ओरी डूमर मंदिर पहुंचे ग्राम मोखा के कांवरिए, किया जलाभिषेक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम मोखा में सावन सोमवार के पावन पर्व में कांवरिए शीतला मंदिर प्रांगण से जल लेकर गली भ्रमण करते हुए ग्राम सालेभाट, मुड़गहन होते हुए ओरी डूमर मंदिर पहुंचे। जहां भगवान शिव शंकर पर जल अर्पण कर सुख समृद्धि की कामना की गई, जहां बड़ी संख्या में कांवरिया श्रद्धालु सम्मिलित हुए। श्रद्धालुओं ने बताया कि इस तरह के कांवड़ यात्रा का यह दूसरा वर्ष है। जहां ग्रामीण श्रद्धालु एक जगह एकत्र होकर शीतला मंदिर प्रांगण से जल लेकर भगवान शिव शंकर को जल चढ़ाया जाता है, जिसमें समस्त ग्राम वासियों का सहयोग मिलता है।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में तोरणपुरी गोस्वामी, गोवर्धन यादव, लक्ष्मीनारायण कटेंद्र, श्यामलाल सिंन्हा, ईश्वर लाल कटेंद्र, युगल गंजीर, पुष्पेंद्र सिन्हा, चंद्रप्रकाश गंजीर का विशेष सहयोग रहा।

### ओपन लाइट म्यूजिक कंपटीशन में छामता प्रथम

अर्जुंदा। रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित जूम तरंग महोत्सव कार्यक्रम में जूनियर लाइक म्यूजिक सीनियर लाइट म्यूजिक एवं ओपन लाइट म्यूजिक अलग–अलग तीन वर्गों में म्यूजिकल कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में कांदुल की बालिका छामता साहू ने ओपन लाइट म्यूजिक कंपटीशन में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जिससे गांव में खुशी का वातावरण बना हुआ है। ग्रामीण सरपंच प्रतिभा अंगद देवदास, उप सरपंच छबील जोशी, समस्त पंच गण हेमंत साहू, हरिओम मानस मंडली के समस्त कार्यकर्ता भोजराज राज सिन्हा, युवा सामाजिक कार्यकर्ता दानेश्वर प्रसाद साहू और ग्रामवासी ने हर्ष व्यक्त किया है।

तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

शासकीय नवीन महाविद्यालय बेलौदी
विकासखंड गुंडरदेही जिला बालोद (छ: ग)
जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
यह दिन है अभियान का, भारत माता के मान का।
प्राध्यापकगण - श्री सी.एल. ठाकुर प्रभारी प्राचार्य, डॉ दीनदयाल दिल्लीवार - सहायक प्रध्यापक, डॉ. प्रदीप देवांगन - सहायक प्रध्यापक, श्री राहुल उपाध्याय- सहायक प्रध्यापक, श्रीमती आसो खोभा - सहायक ग्रेड 2, श्री प्रेमनारायण भंडारी- प्रयोगशाला तकनिशीयन, श्री भूपेंद्र कुमार ईशदा प्रयोगशाला तकनिशीयन, श्रीमती नंदनी साहू - भृत्य, श्री प्रवीण कुमार साहू कम्प्यूटर ऑपरेटर, श्री टूकेश विश्वकर्मा - भृत्य, श्री तुकेश्वर मंडावी - भृत्य, श्री अशोक कुमार ठाकुर -चौकीदार एवं समस्त अतिथि व्याख्याता

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

यू डाईस कोड - 22220109201
शासकीय प्राथमिक शाला बिरेतरा
संकुल केन्द्र-बिरेतरा
विकासखंड-बालोद, जिला-बालोद (छ.ग.)
समस्त प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
प्रधान पाठक- प्रेषक कुमार साहू
सहायक शिक्षक- टोमन लाल भुआर्य, लक्ष्मी कलियारी, नरेन्द्र कुमार साहू

यू डाईस कोड - 22220104301
शासकीय प्राथमिक शाला बोरी
संकुल केन्द्र- खपरी
विकासखंड-बालोद, जिला-बालोद (छ.ग.)
समस्त प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
कृष्णा केशरिया
प्रधान पाठक
देव प्रसाद ठाकुर
सहायक शिक्षक
विनीत - समस्त शिक्षकगण शास. प्रा. शाला बोरी

Recognized by Indian Nursing Council & C.G.Nurses Registration Council
NURSING EDUCATION
B.Sc. NURSING
4 Years Course
100% CAMPUS PLACEMENT
BHARAT INSTITUTE OF NURSING
Affiliated by Pt. D.D. U. M. Health Sciences & Ayush University, Raipur
Vill. Danitola, Post: Bhaisbod, Tehsil: Dondi, Distt Balod (C.G.)
www.bharatnursing.com, bharatdalli@rastoginursing.com
✆ 08349196676, 9300752200

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश, श्री त्रियुगीनारायण (माता पार्वती भगवान शिव का विवाह स्थल)
By Train-रिजर्वेशन कोच
09 सितम्बर से 23 सितम्बर 2024, 18 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024, 11 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2024 14 अक्टूबर से 28 अक्टूबर 2024 02 मई से 16 मई 2024
राशि:-स्लीपर-17,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

यू डाईस कोड - 22220804004
शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व संकुल बेलौदी वि.ख. गुण्डरदेही जिला-बालोद
जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शिक्षकगण - श्रीमती रेणुका साहू प्रभारी (प्राचार्य), श्री नरेन्द्र कुमार साहू (व्याख्याता) कु. ज्योति सोनी (व्याख्याता), प्रीति गणवीर (व्याख्याता), प्रीति मण्डावी. (व्याख्याता), बरनाबस लहरे (व्याख्याता), श्रीमती गीता वर्मा (व्याख्याता), श्रीमती प्रज्ञा तिवारी (व्याख्याता), श्रीमती ईश्वरी साहू (सहायक शिक्षक), प्रीति साहू (सहायक शिक्षक),श्री खोमन लाल साहू (सहायक ग्रेड 02), लिकेश्वर साहू लिनेश साहू (डीजी. मित्र), ओमप्रकाश ठाकुर (सहायक ग्रेड-03), श्रीमती ईश्वरी ठाकुर (सहायक ग्रेड 03), श्री आशीष कुर्रे (भृत्य)

पंजीयन क्र. 122202148493 स्थापना वर्ष 19.11.1995 यू डाईस कोड - 22220106704
सिद्धी विनायक शिक्षण समिति द्वारा संचालित
सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व मा. विद्यालय जगन्नाथपुर
प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
"उठो जवान देश की वसुन्धरा पुकारती" "देश है पुकारता, पुकारती माँ भारती"
संरक्षक- हुकुम लाल साहू, अध्यक्ष - ओमप्रकाश देशमुख, सदस्य- कमलेश्वरी चुरेन्द्र, सदस्य- श्रीमती कोमिन साहू, कु. खेमिन साहू आचार्य, श्रीमती भावना सुनहरे, लक्ष्मी साहू, माधुरी यादव, चैनकुमारी नेताम, त्रिवेणी दुबे, रीना देशलहरे, रीतु पिस्दा ताराचंद साहू प्रधानाचार्य, धनंजय साहू आचार्य, जितेन्द्र देशमुख (कोषाध्यक्ष) खिलानंद गिलहरा (सचिव), डॉ. एस.सी. हरदेल (उपाध्यक्ष), राजेन्द्र जेठमल (सहसचिव), अभ्यास राम साहू (सदस्य), रेखलाल देशमुख आचार्य

यू डाईस कोड - 22220104108
स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय लाटाबोड़ बालोद
विकासखंड व जिला-बालोद (छ.ग.)
प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
प्राचार्य- सी.एल. सिन्हा, व्याख्यातागण- एन.चतुर्वेदी, एन. डी.बघेल, एस.के.नायक, टी.डी.मंडावी, एस.के.साहू, आर.देवांगन, जी.गंधर्व, एस.शुक्ला, डी.सुकतेल, डी. राठौर, ओ.पी.यादव, के.एन.गोरे,पी.मेश्राम, सी.के.गेडाम, कुलदीप साहू, गायत्री ध्रुव, ओमेश्वरी साहू कार्यालय- आर.के.कुम्भज, तनुजा बारला, मीना साहू, चमेली ठाकुर, हेमांक निर्मलकर, यशवंत साहू

यू डाईस कोड - 22220109603
शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भेड़िया नवागांव
संकुल केन्द्र- भेड़िया नवागांव
विकासखंड व जिला-बालोद (छ.ग.)
प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
श्री कामेश्वर सिंह
प्राचार्य
समस्त शिक्षकगण- खेमीन ठाकुर, जे.आर. हिरवानी, एन.के.रावटे, सुनीता चौहान, ज्योति गंजीर, गायत्री साहू, पी.आर. सिन्हा, सुभाष साहू, पूजा गोयल, गिरीश ठाकुर, मोनिका साहू, डी.के. साहू, रश्मि साहू, लिलेश्वर कुमार गांवरे